Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Ltd.

(A Govt. of Bihar Undertaking)

Regional Office Purnea, GMCH Purnea Campus, Line Bazar, Purnea-854301

email Id:-bmsicl.infrapurnea@gmail.com, website:- www.bmsicl.gov.in

पत्रांकः—BMSIC/PUR-Div/ दिनांकः—

9912 BMSICL 31/12/24 cc copy

प्रेषक,

उप महाप्रबंधक (परि०),
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

सेवा में,

Sudhir Kumar,
Vill-Triveniganj, District-Supaul.

विषयः—कटिहार जिलान्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रौतारा (पूर्व में बिनोदपुर), प्रखंड—कोढ़ा के भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण डिबार किये जाने के संबंध में।

प्रसंगः—इस कार्यालय का पत्रांक—1407 दिनांक—22.11.2024, पत्रांक—1380 दिनांक—11.11.2024, पत्रांक—1353 दिनांक—22.10.2024, पत्रांक—1317 दिनांक—21.09.2024 एवं पत्रांक—1049 दिनांक—15.05.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में कहना है कि विषयांकित योजना का कार्यादेश आपको दिनांक—15.03.2024 को निर्गत किया गया है। कार्यादेश के कंडिका 07 के अनुसार कार्य पूर्ण करने की कुल अवधि 09 माह अर्थात 14.12.2024 तक निर्धारित है। परंतु 09 माह की अवधि समाप्त होने के उपरांत भी आपके द्वारा मात्र 35% कार्य ही किया गया है। इस कार्यालय के पत्रांक—1353 दिनांक—22.10.2024, पत्रांक—1317 दिनांक—21.09.2024 एवं पत्रांक—1049 दिनांक—15.05.2024 के द्वारा कार्य की धीमी प्रगति हेतु आपको निदेशित किया गया है। विषयांकित कार्य में अप्रत्याशित विलंब के कारण आपसे स्पष्टीकरण की माँग इस कार्यालय के पत्रांक—1407 दिनांक—22.11.2024 एवं पत्रांक—1380 दिनांक—11.11.2024 के मध्यम से की गई थी, जिसका जवाब आपके द्वारा अभी तक नहीं दिया गया है। इससे यह स्पष्ट है कि आपके द्वारा कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं शिथिलता बरती जा रही है जिसके कारण सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना का लाभ जनता तक नहीं पहुँच पा रहा है।

अतः एकरारनामा की कंडिका 3.3 एवं 4.8 के अनुसार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रौतारा (पूर्व में बिनोदपुर), प्रखंड—कोढ़ा, जिला—कटिहार भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण करने तक आपको किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाता है, साथ ही निर्देश दिया जाता है कि कार्य में प्रगति लाते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्य का एकरारनामा रदद् कर आपके सुरक्षित राशि को जब्त करते हुए नियमानुसार अन्य कार्रवाई की जाएगी।

विश्वासभाजन

ह०/—
उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः— दिनांक—

प्रतिलिपिः—सहायक प्रबंधक (परि०)/प्रबंधक (परि०), कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि संबंधित संवेदक से संपर्क कर विषयांकित योजना को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

ह०/—
उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः–   दिनांक–

प्रतिलिपिः–सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः–   दिनांक–

प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी, कटिहार को सूचनार्थ समर्पित।

ह०/–

उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः–   दिनांक–

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना/अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि०, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

ह०/–

उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः– BMSICL/Pur/Div/1478   दिनांक– 30.12.24

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक, BMSICL, पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय को सादर सूचनार्थ समर्पित।

[signature]   [signature] 30/12/24

उप महाप्रबंधक (परि०)